भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-2282 0427, ईमेल: crpd@sbi.co.in

ग्लोबल फाइनेंस न्यूयॉर्क द्वारा एसबीआई को ''भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक **2026**'' और ''विश्व का सर्वश्रेष्ठ उपभोक्ता बैंक **2026**'' के रूप में मान्यता दी गई है।





नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति

(विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2026-27/29)

आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 04.11.2026 से 25.11.2026 तक

भारतीय स्टेट बैंक भारतीय नागरिकों से नियमित आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग के निम्नलिखित अधिकारी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की आधिकारिक वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। इन पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस अधिसूचना में दी गई जानकारी को ध्यान से पढ़ने और समझने के बाद ही आवेदन करें।

1. पंजीकरण प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक ऑनलाइन माध्यम बैंक में से शुल्क जमा कर दिया गया हो।
2. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता तिथि तक उक्त पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।
3. **उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे बैंक की अधिकारिक वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings को नियमित रुप से विवरणों एवं नई जानकारी (शॉर्टलिस्ट किए गए/चयनित उम्मीदवारों की सूची सहित) हेतु देखें।**
4. कॉल लेटर (पत्र/ सूचना), जहां आवश्यक हो, केवल ईमेल द्वारा भेजा जाएगा। **(डाक से नहीं भेजा जाएगा)।**
5. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई है) केवल बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।**
6. उम्मीदवारों को सभी संबंधित दस्तावेज (रिज्यूम, पहचान प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), ओबीसी प्रमाणपत्र (नॉन-क्रीमी लेयर), शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि) अपलोड करने होंगे। ऐसा न करने पर उनके आवेदन/उम्मीदवारी को शॉर्टलिस्टिंग/साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।
7. **आवेदन पत्र और अन्य दस्तावेजों की हार्ड कॉपी इस कार्यालय को भेजने की आवश्यकता नहीं है।**
8. यदि एक से अधिक आवेदन किए जाते हैं, तो केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन ही मान्य होगा; अन्य पंजीकरणों के लिए भुगतान किए गए आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क की राशि जब्त कर ली जाएगी।
9. नीचे उल्लिखित पद केवल चिकित्सकीय रूप से फिट उम्मीदवारों के लिए है।

क. रिक्तियों का विवरण:

पद का नाम	ग्रेड/स्केल	रिक्तियाँ							आयु 31.10.2026 तक	पदस्थापना का स्थान
			अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ईडब्ल्यूएस	यूआर	कुल		
सहायक प्रबंधक – इंजीनियर (अग्निशमन)	जेएमजीएस-I **(नियमित)**	नियमित	2	1	1	1	11	**17**	**न्यूनतम - 21 वर्ष** **अधिकतम - 40 वर्ष**	भारत में कहीं भी
		बैकलॉग	--	1	--	--	--			

संक्षेपाक्षर: अ.जा.– अनुसूचित जाति; **अ.ज.जा.**– अनुसूचित जनजाति; **अ.पि.व.**– अन्य पिछड़ा वर्ग; **ईडब्ल्यूएस**– आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; **यूआर**– अनारक्षित; **जेएमजीएस-I-** कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल – I,

ख. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता/योग्यता के बाद का अनुभव/विशिष्ट कौशल आदि का विवरण:

	शैक्षणिक योग्यता (31.10.2026 तक)	योग्यता के बाद का अनुभव (31.10.2026 तक)
सहायक प्रबंधक – इंजीनियर (अग्निशमन)	राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय (एनएफएससी), नागपुर से **बी.ई. (अग्निशमन)** **या** **बी.ई./ बी. टेक (सुरक्षा एवं अग्निशमन इंजीनियरिंग)** **या** यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से **अग्नि सुरक्षा में 4 वर्ष की समकक्ष डिग्री** **या** इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स (भारत/ यूके) के **स्नातक सदस्य** **या** एनएफएससी, नागपुर से **डिविजनल ऑफिसर्स** कोर्स	i. यदि शैक्षणिक योग्यता राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय (NFSC) से से बी.ई. (अग्निशमन), या बी.ई./ बी. टेक (सुरक्षा एवं अग्निशमन इंजीनियरिंग), या बी.ई./ बी. टेक (अग्निशमन प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा इंजीनियरिंग), या यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/ एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से अग्नि सुरक्षा में 4 वर्षीय समकक्ष डिग्री है: **किसी प्रतिष्ठित संगठन में अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में कम से कम 2 वर्षों का कुल अनुभव होना चाहिए।** ii. यदि शैक्षणिक योग्यता इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स (भारत/यूके) के स्नातक स्तर का सदस्य या एनएफएससी, नागपुर से डिविजनल ऑफिसर्स कोर्स है: **नगर दमकल विभाग/ राज्य दमकल विभाग में स्टेशन ऑफिसर या समकक्ष पद पर; कॉर्पोरेट/ बड़े औद्योगिक परिसरों में प्रभारी अग्निशामक अधिकारी के रूप में; या राज्य सरकार के संस्थानों/ सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में अग्निशामक अधिकारी के रूप में कम से कम 03 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।**

नोट:

- **संचयी आयु छूट उपरोक्त मदों के अंतर्गत या किसी अन्य मद के साथ संयुक्त रूप में उपलब्ध नहीं होगी।**
- जो उम्मीदवार आयु में छूट चाहते हैं, उन्हें शॉर्टलिस्ट होने पर साक्षात्कार के समय आवश्यक प्रमाण-पत्रों की प्रतियां जमा करनी होंगी।
- ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण के पश्चात, किसी उम्मीदवार की श्रेणी में कोई परिवर्तन संभव नहीं है। इस संबंध में किसी पत्र-व्यवहार/ई-मेल/फोन पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संदर्भ में, उम्मीदवारों को नीचे दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए:
  - i. इंगित अधिकतम आयु अनारक्षित (यूआर) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार **ऊपरी आयु सीमा में छूट** उपलब्ध है (जहां लागू हो)।
  - ii. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त-पदों सहित रिक्तियों की संख्या **अनंतिम है** और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार **बदल सकती है।**
  - iii. विभिन्न श्रेणियों के तहत आरक्षण प्रचलित सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार होगा। आरक्षित श्रेणी के ऐसे उम्मीदवार, जिनके लिए कोई आरक्षण नहीं बताया गया है, वे 'अनारक्षित (यूआर)' श्रेणी के लिए घोषित रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी (यूआर) के लिए लागू सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों।
  - iv. **अजा/अजजा/ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)** उम्मीवारों को **भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप** में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र जमा करना होगा।
  - v. ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां **'नॉन-क्रीमी लेयर'** से संबंधित ओबीसी उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं। ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में **01.04.2026 से साक्षात्कार की तिथि तक** का नॉन क्रीमी लेयर से संबंधित ओबीसी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। **'क्रीमी लेयर' में आने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवार अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण के हकदार नहीं हैं। उन्हें अपनी श्रेणी 'अनारक्षित (यूआर)' के रूप में उल्लिखित करनी चाहिए।** इसका मतलब यह है कि एक बार जब कोई उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी चुन लेता है, तो उसे अनारक्षित या किसी अन्य आरक्षित श्रेणी में बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
  - vi. भर्ती में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक मंत्रालय, लोक शिकायत एवं पेंशन, भारत सरकार के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन सं.36039/1/2019-ईएसटीटी (आरईएस) द्वारा शासित होता है। **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार सकल वार्षिक आय के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी और वर्ष 2026-27 के लिए वैध आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर उठाया जा सकता है।**

    ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय दस्तावेज़ सत्यापन की तिथि पर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सकल वार्षिक आय के आधार पर जारी 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' के सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसलिए **वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सकल वार्षिक आय के आधार पर जारी किया गया 'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र' साक्षात्कार के समय दस्तावेज़ सत्यापन की तिथि पर या उससे पहले उम्मीदवार द्वारा प्राप्त किया जाना चाहिए।**

    आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि यदि उनके पास कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार संबंधित वित्तीय वर्ष का **'आय और संपत्ति प्रमाण पत्र'** नहीं है, तो ऐसे उम्मीदवारों को **केवल 'अनारक्षित (यूआर) श्रेणी' के तहत आवेदन** करना चाहिए।
  - vii. यदि उम्मीदवार ने आवेदन पत्र में अपनी श्रेणी 'अनारक्षित (यूआर) श्रेणी' बताई है, लेकिन बाद में वह अपनी श्रेणी को बदलकर आरक्षित श्रेणी करने का अनुरोध करता है, तो बैंक ऐसे अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।
  - viii. इसी तरह, एक बार जब कोई उम्मीदवार आरक्षित श्रेणी चुन लेता है, तो उसे अनारक्षित या किसी अन्य आरक्षित श्रेणी में बदलने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
  - ix. **नियोक्ता से संबंधित अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार को संबंधित क्षेत्र में अपेक्षित अनुभव है। उचित अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर बैंक को किसी भी समय उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार है।**
  - x. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है। उम्मीदवार को **निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार योग्यता** और **प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव** होना चाहिए।

ग. भर्ती प्रक्रिया का संभावित इस प्रकार है:

गतिविधि	संभावित दिनांक
उम्मीदवार द्वारा आवश्यक सम्पादन/संशोधन सहित आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण	04.11.2026 से 25.11.2026
आवेदन शुल्क का भुगतान	04.11.2026 से 25.11.2026
लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करना	दिसंबर 2026
ऑनलाइन परीक्षा	**दिसंबर 2026/ जनवरी 2027**
साक्षात्कार	**जनवरी / फरवरी 2027**
अंतिम परिणाम की घोषणा	फरवरी 2027

घ. विशिष्ट कौशल, कार्य प्रोफ़ाइल/मुख्य दायित्व क्षेत्र आदि का विवरण:

अपेक्षित विशिष्ट कौशल	• उम्मीदवार को अग्नि निवारण और सुरक्षा प्रणालियों (जैसे फायर पंप, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, फायर डिटेक्शन और अलार्म सिस्टम, फायर स्प्रिंकलर सिस्टम) की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही, उन्हें बिल्डिंग खाली कराने की प्रक्रिया और फायर सेफ्टी ऑडिट की भी जानकारी होनी चाहिए।
कार्य प्रोफ़ाइल	• शाखाओं और कार्यालयों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना, शाखाओं का दौरा करना, समय-समय पर अग्निशमन ड्रिल और व्याख्यान आदि आयोजित करना। • विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ अच्छा तालमेल बनाए रखना और फायर ऑफिसर डेस्क से जुड़े अन्य प्रशासनिक कार्यों को संभालना।
मुख्य दायित्व क्षेत्र (केआरए)	• शाखाओं/कार्यालयों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करना और जरूरत पड़ने पर वहां सुधार या अपग्रेडेशन का सुझाव देना। • शाखाओं/कार्यालयों का वार्षिक अग्नि सुरक्षा ऑडिट करना और यह सुनिश्चित करना कि सभी नियमों का पालन हो और ऑडिट से जुड़ी कमियों को दूर किया जाए। • शाखाओं/कार्यालयों में अग्नि सुरक्षा उपकरण लगाने से जुड़े सभी इंजीनियरिंग ड्रॉइंग, लेआउट और अनुमानों की जांच करना। • बैंक की शाखाओं/कार्यालयों के लिए आग से सुरक्षा संबंधी निर्देश तैयार करना। • शाखाओं/कार्यालयों में आग से बचाव, सुरक्षा प्रणालियों और समग्र अग्नि सुरक्षा परिदृश्य को बेहतर बनाना। • कर्मचारियों के बीच आग से सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर फायर ड्रिल, बिल्डिंग खाली कराने का अभ्यास और व्याख्यान आदि आयोजित करना। • स्थानीय प्रधान कार्यालय द्वारा तैयार की गई आपदा प्रबंधन योजना की जानकारी शाखाओं/कार्यालयों तक पहुँचाना। • सुरक्षा संबंधी चूकों के कारण होने वाली आग की घटनाओं को कम करना। • स्थानीय भवन उप-नियमों के अनुसार, अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से परिसर के डिज़ाइन और लेआउट की उपयुक्तता का मूल्यांकन करना। • बैंकिंग कर्मचारियों/फ्लोर मार्शलों और बैंक के फायर कंट्रोल रूम के कर्मचारियों के लिए अग्निशमन प्रशिक्षण आयोजित करना। • सरकारी एजेंसियों, जैसे कि अग्निशमन सेवा, नगर निगम, नागरिक प्राधिकरण आदि के साथ समन्वय बनाए रखना। • बैंक परिसर के लिए स्थानीय अग्निशमन विभाग से 'फायर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (NOC) प्राप्त करने की व्यवस्था करना।

टिप्पणी: ऊपर उल्लिखित कार्य प्रोफ़ाइल/केआरए केवल उदाहरण के तौर पर हैं। बैंक समय-समय पर इन पदों के लिए ऊपर दी गई जिम्मेदारियों के अलावा अन्य कार्य/भूमिकाएं/केआरए भी सौंप सकता है।

ङ. ग्रेड, परिवीक्षा अवधि और पारिश्रमिक:

पद	ग्रेड	परिवीक्षा अवधि	वेतनमान^	करियर पथ और स्थानांतरणीयता
सहायक प्रबंधक – इंजीनियर (अग्निशमन)	जेएमजीएस-I	06 महीने	Rs (48480-2000/7-62480-2340/2- 67160-2680/7-85920)	इंजीनियर (अग्निशमन) के मौजूदा संवर्ग पर लागू नियमों के अनुसार

^अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, नगर प्रतिकर भत्ता, भविष्य निधि, अंशदायी पेंशन निधि अर्थात् एनपीएस, छुट्टी किराया रियायत, चिकित्सा सुविधा, अन्य परिलब्धियों आदि के लिए पात्र होगा।

च. चयन प्रक्रिया:

I. चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार शामिल हैं।

II. ऑनलाइन लिखित परीक्षा: ऑनलाइन परीक्षा का प्रारूप नीचे दिया गया है:

परीक्षा का प्रारूप (वस्तुनिष्ठ)	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि
अंग्रेजी भाषा	50	50	40 मिनट
व्यावसायिक ज्ञान ##	75	75	80 मिनट
कुल	**125**	**125**	**2 घंटा**

व्यावसायिक ज्ञान अनुभाग में उम्मीदवारों के ज्ञान का मूल्यांकन निम्नलिखित क्षेत्रों में किया जाएगा:

(क) अग्निशमन इंजीनियरिंग: [डिविजनल ऑफिसर्स कोर्स (DO), इंस्टीट्यूशन ऑफ फायर इंजीनियर्स (भारत/यूके) के स्नातक सदस्य, बी.ई; /बी. टेक – (अग्निशमन एवं सुरक्षा इंजीनियरिंग)]।

(ख) अग्निशमन सेवा प्रशासन

(ग) अग्निशमन सेवा से जुड़े विनियामक अधिनियम/ उप-विधियां

III. गलत उत्तरों के लिए दंड: ऑनलाइन लिखित परीक्षा में अंकित किए गए गलत उत्तरों के लिए दंड होगा।

IV. साक्षात्कार:

- ऑनलाइन लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर, बैंक द्वारा तय की गई संख्या के अनुसार (श्रेणी-वार), जो उम्मीदवार ऑनलाइन परीक्षा पास कर लेते हैं, उन्हें रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- साक्षात्कार 100 अंकों का होगा।
- साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

V. मेरिट सूची: ऑनलाइन लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा) और साक्षात्कार में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को 100 अंकों के पैमाने पर नॉर्मलाइज़ (मानकीकृत) किया जाएगा, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

परीक्षण	ऑनलाइन लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ परीक्षा)	साक्षात्कार	कुल
अधिकतम अंक	125	100	**225**
सामान्यीकृत अंक	70	30	**100**

- ✔ नॉर्मलाइज़्ड स्कोर के आधार पर, श्रेणी-वार मेरिट सूची घटते क्रम में तैयार की जाएगी।
- ✔ यदि एक से अधिक उम्मीदवारों के अंक कट-ऑफ अंक (कट-ऑफ पॉइंट पर समान अंक) के बराबर आते हैं, तो मेरिट सूची में ऐसे उम्मीदवारों को उनकी उम्र के आधार पर घटते क्रम में रैंक किया जाएगा।

VI. ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर बैंक की वेबसाइट पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

VII. फिलहाल, इस पद के लिए चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार शामिल हैं। हालाँकि, बैंक के पास चयन प्रक्रिया को बदलने/संशोधित करने या **शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार** के माध्यम से चयन करने का अधिकार सुरक्षित है।

छ. परीक्षा केंद्र:

i. भारत में कई केंद्रों पर परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र की संभावित सूची **अनुलग्नक–I** के रूप में संलग्न है।

ii. **परीक्षा केंद्र/दिनांक/सत्र में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

iii. प्रशासनिक व्यवहार्यता के आधार पर, स्वयं फैसला करके, किसी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और/या कुछ और केंद्र शामिल करने के अधिकार को एसबीआई अपने पास सुरक्षित रखता है। किसी उम्मीदवार के लिए उसके द्वारा चुने गए केंद्र के बदले किसी अन्य केंद्र को निर्धारित करने का अधिकार भी एसबीआई के पास सुरक्षित है।

iv. परीक्षा देने के लिए उम्मीदवार परीक्षा केंद्र पर स्वयं की जोखिम और खर्च से आएंगे और उस दौरान किसी भी प्रकार के नुकसान या चोट आदि के लिए एसबीआई जिम्मेदार नहीं होगा।

v. **परीक्षा कक्ष में उम्मीदवार द्वारा किए गए बुरे व्यवहार/दुर्व्यवहार के कारण उसकी उम्मीदवारी रद्द हो सकती है या एसबीआई द्वारा आयोजित भावी परीक्षाओं के लिए उसे अयोग्य ठहराया जा सकता है।**

ज. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर: **साक्षात्कार के लिए सूचना या कॉल लेटर ईमेल के माध्यम से भेजा जाएगा या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी।**

झ. स्थानांतरण नीति: बैंक ऐसे अधिकारियों की सेवाओं को सेवा की अनिवार्यता के आधार पर भारत में भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी कार्यालय में स्थानांतरित करने या अपने किसी सहयोगी/ सहायक या किसी अन्य संगठन में प्रतिनियुक्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **किसी विशिष्ट स्थान/कार्यालय में तैनाती/स्थानांतरण के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

ञ. महत्वपूर्ण बिंदु:

i) ऑनलाइन परीक्षा में प्रवेश/ शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया दस्तावेजों के सत्यापन के बिना अनंतिम (provisional) होगी। जब उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए (यदि बुलाया जाता है) उपस्थित होगा, तब सभी विवरणों/ दस्तावेजों का मूल प्रतियों से सत्यापन किया जाएगा।

ii) यदि किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों (आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि) को पूरा नहीं करता है, तो उसे न तो साक्षात्कार में शामिल होने दिया जाएगा और न ही उसे यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति पाने का अधिकार होगा।

iii) उम्मीदवार के पास निर्धारित तिथि को संबंधित पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए।

ट. आवेदन कैसे करें:

उम्मीदवारों के पास **वैध ईमेल आईडी** हो जिसे परिणाम घोषित होने तक एक्टिव रखा जाए। इससे उन्हें अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी।

i. ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशानिर्देश:

i. उम्मीदवार एसबीआई की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करें और इन्टरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड आदि का उपयोग करके आवेदन शुल्क का भुगतान करें।

ii. उम्मीदवार सर्वप्रथम अपना नवीनतम फोटो, हस्ताक्षर और दाएं हाथ के अंगूठे का निशान स्कैन करें। ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो, हस्ताक्षर और दाएं हाथ के अंगूठे का निशान ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार अपलोड ('दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती है।

iii. उम्मीदवार आवेदन को ध्यानपूर्वक भरें। आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद ही इसे सबमिट करें। यदि उम्मीदवार एक बार में आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है। जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। **उम्मीदवार इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को नोट कर लें**। वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं। सेव की गई जानकारी को बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक होगी. आवेदन के पूरी तरह से भर जाने पर उम्मीदवार इसे सबमिट करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें।

iv. **उम्मीदवारों को यह सूचना दी जाती है कि वे ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, सिस्टम निर्मित ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों को प्रिन्ट कर लें।**

ii. शुल्क भुगतान के लिए दिशानिर्देश:

i. अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचित करने का शुल्क (अप्रतिदेय) ₹750/- (सात सौ पचास रुपए मात्र) है और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व्यक्ति के उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क/सूचित करने का शुल्क नहीं है।

ii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं, यह सुनिश्चित कर लेने के बाद उम्मीदवार द्वारा आवेदन के साथ एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा। इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

iii. शुल्क का भुगतान वहां उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा। भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है। ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह उम्मीदवारों को ही वहन करना होगा।

iv. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म जनरेट होगा जिसे प्रिन्ट कर उम्मीदवार अपने पास रख लें।

v. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें।

vi. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है।

vii. **एक बार आवेदन शुल्क का भुगतान कर दिए जाने पर, न तो इसे किसी भी स्थिति में वापस किया जाएगा और न ही भविष्य में किसी अन्य परीक्षा या चयन प्रक्रिया के लिए समायोजित किया जा सकेगा।**

ठ. दस्तावेज़ अपलोड कैसे करें:

क. अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों का विवरण:

i. सबसे पहले अपनी नवीनतम फोटो, हस्ताक्षर और बाएं हाथ के अंगूठे के निशान को स्कैन करें (जेपीजी/जेपीईजी फॉर्मेट में)।

ii. बाएं हाथ के अंगूठे का निशान: यदि किसी उम्मीदवार के पास बाएं हाथ का अंगूठा नहीं है, तो वह दाएं हाथ के अंगूठे का निशान इस्तेमाल कर सकता है।

iii. संक्षिप्त बायोडाटा, पहचान प्रमाण, जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ फॉर्मेट में)।

iv. जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ फॉर्मेट में)।

v. शैक्षणिक प्रमाणपत्र: संबंधित मार्कशीट/डिग्री प्रमाण पत्र (पीडीएफ फॉर्मेट में)।

vi. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ फॉर्मेट में)।

vii. वर्तमान नियोक्ता से फॉर्म–16/ ऑफर लेटर/ नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ फॉर्मेट में)। अनापत्ति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो) (पीडीएफ फॉर्मेट में)।

हस्तलिखित घोषणा: आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही से **अंग्रेजी में घोषणा** स्पष्ट रूप से लिखनी होगी।

- **फाइल प्रकार:** जेपीजी/जेपीईजी
- **आयाम:** 200 डीपीआई में 800 x 400 पिक्सल (आवश्यक गुणवत्ता के लिए जरुरी) यानी 10cm × 5cm (चौड़ाई X ऊंचाई)।
- **फाइल का आकार :** 50 केबी – 100 केबी
- **अंग्रजी के बड़े अक्षरों में हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगी।**
- **हस्तलिखित घोषणा के लिए पाठ इस प्रकार है:**

"I_____(Name of the candidate), _____(Date of Birth) hereby declare that all the information submitted by me in the application form is correct, true and valid. I will present the supporting documents as and when required. The signature, photograph and left-hand thumb impression is of mine".

मैं,.....(उम्मीदवार का नाम), जन्म तिथि.....एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा प्रस्तुत की गई सभी जानकारी सही, सत्य और वैध है। जब भी आवश्यक होगा, मैं सहायक दस्तावेज पेश करूंगा/करूंगी। हस्ताक्षर, फोटोग्राफ और बाएं अंगूठे का निशान मेरा है।

ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:

i. पासपोर्ट आकार की नवीनतम रंगीन फोटो होनी चाहिए।

ii. फाइल का आकार 20 केबी–50 केबी और डायमेंशन 200X230 पिक्सल (अधिमानत:) तक होना चाहिए।

iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो।

iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें।

v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई छाया न पड़े।

vi. यदि फ्लैश का प्रयोग करना है, तो यह सुनिश्चित करें कि इसमें ''रेड–आई'' नहीं है।

vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं।

viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है। धार्मिक प्रतीक पगड़ी बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए।

ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है। फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि स्कैनर पर सेट कर लें।

x. **फोटोग्राफ कैप्चर करना:**

- उपर्युक्त फोटोग्राफ के अलावा, उम्मीदवारों को वेबकैम या मोबाइल फोन का उपयोग कर अपना लाइव फोटोग्राफ भी लेकर अपलोड करना होगा।
- ''कैप्चर फोटो'' विकल्प चुनने पर उम्मीदवार का वेबकैम उनकी पिक्चर लेने के लिए सक्रिय हो जाएगा जिससे पिक्चर आवेदन फॉर्म में स्वत: अपलोड हो जायेगी।
- ''क्लिक हियर टू स्कैन'' विकल्प चुनने पर उम्मीदवार क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर सकते हैं जो वेबसाइट पर रिडाइरेक्ट करेगा और अपने मोबाइल फोन पर फोटोग्राफ क्लिक करने देगा। टेकन पिक्चर चुनने पर फोटोग्राफ स्वत: आवेदन फॉर्म में अपलोड हो जायेगा।

फोटो कैप्चर करने लिए क्या करें और क्या न करें।	
क्या करें:	**क्या न करें:**
(i) सुनिचित करें कि फोटो हल्के रंग वाली पृष्ठभूमि अधिमानत: सफेद पृष्ठभूमि और पर्याप्त प्रकाश वाले स्थान पर लें। (ii) वेबकैम/कैमरे पर सीधे देखें। (iii) फोटोग्राफ पासपोर्ट आकार का होना चाहिए।	(i) छोटे आकार का फोटोग्राफ क्लिक/अपलोड न करें। (ii) रंगीन ग्लास या सनग्लास/कैप नहीं पहनें। (iii) चेहरे पर छाया/कैमरे को न देखती हुई/विकृत फेस/मास्क से ढका चेहरा/धुंधली छवि न हो। (iv) अंधेर में फोटो न लें/अनुचित पृष्ठभूमि न हो।

स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें।

ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करें न कि कोई अन्य व्यक्ति।

iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होगा वहां हस्ताक्षर का उपयोग किया जाएगा।

iv. फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच का हो और डायमेंशन 140X60 पिक्सल (अधिमानत:) हो।

v. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है।

vi. अंग्रेज़ी के कैपिटल लेटर में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे।

द. दस्तावेज़ की फाइल का प्रकार/आकार:

i. सभी दस्तावेज़ पीडीएफ प्रारूप में हों। (फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे के निशान और हस्तलिखित घोषणा को छोड़कर)

ii. दस्तावेज़ के पेज का आकार ए4 का हो।

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो।

iv. दस्तावेज़ को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है। यदि फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूंशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें। यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ साफ और पढ़े जा सकने योग्य हैं।

य. फोटो/हस्ताक्षर/दस्तावेज़ों को स्कैन करने हेतु दिशा–निर्देश:

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें।

ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें।

iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके इमेज को स्कैन करें फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें।

iv. फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे के निशान और हस्तलिखित घोषणा की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)

v. इमेज के आयाम को फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर या फिर फाइल इमेज के आइकन पर माउस को घुमाकर जांचा जा सकता है

vi. जो उम्मीदवार एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में प्राप्त कर सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न हो। इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा। स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट सें जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं। इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा। इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज़ (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम किया जा सकता है। इसी तरह के विकल्प अन्य फोटो एडीटर में भी उपलब्ध हैं।

vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके।

viii. **जब तक आप अपना फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा निर्दिष्ट रूप में अपलोड नहीं करते हैं, तब तक आपका ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।**

नोट:

1) यदि फोटो में चेहरा, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणापत्र स्पष्ट नहीं है, तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणापत्र को अपलोड करने के बाद, उम्मीदवारों को यह जांचना चाहिए कि छवियां स्पष्ट हैं और सही तरीके से अपलोड की गई हैं। यदि फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणापत्र स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही है, तो उम्मीदवार फॉर्म प्रस्तुत करने से पहले अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और अपने फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणापत्र को फिर से अपलोड कर सकता है।

2) ऑनलाइन पंजीकरण पूरा करने के बाद, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सिस्टम से जनरेट हुए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट लें।

उम्मीदवार यह भी सुनिश्चित करें कि फोटो के स्थान पर फोटो, हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के स्थान पर बाएं हाथ के अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणापत्र के स्थान पर हस्तलिखित घोषणापत्र अपलोड किया जाता है। यदि फोटो के स्थान पर फोटो, हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर बाएं हाथ के अंगूठे के निशान के स्थान पर बाएं हाथ के अंगूठे के निशान और हस्तलिखित घोषणापत्र के स्थान पर हस्तलिखित घोषणापत्र को ठीक से अपलोड नहीं किया जाता है, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

र. दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:

i. प्रत्येक दस्तावेज़ को अपलोड करने हेतु अलग–अलग लिंक दिए गए हैं.

ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.

iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.

iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.

v. आवेदन सबमिट करने से पहले दस्तावेज़ अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू पर क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.

vi. दस्तावेज़ अपलोड/सबमिट कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.

ड. कदाचार के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई:

क. उम्मीदवारों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/संलग्न न करें जो असत्य, जाली/बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ।

ख. यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई उम्मीदवार निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है:

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या (iv) उम्मीदवार के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे उम्मीदवार के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

- जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा।
- भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा।

ग. बैंक उम्मीदवार के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के जवाबों के साथ समानता ढूँढ़ने के लिए विश्लेषण करता है। इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया गया कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

घ. उम्मीदवारों को मोबाइल फोन या ऐसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

i. जहां परीक्षा आयोजित की गयी है, उस परिसर के अंदर किसी भी मोबाइल फोन (यहां तक कि बंद मोड में भी), पेजर या किसी अन्य इलेक्ट्रॉन संचार उपकरण या स्टोरेज मीडिया जैसे पेन ड्राइव, स्मार्ट घड़ियां या कैमरा या ब्लूटूथ डिवाइस या किसी अन्य स्टोरेज डिवाइस या संबंधित सहायक उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है, जहां परीक्षा/साक्षात्कार/ समूह अभ्यास आयोजित किया जा रहा है। इन सूचनाओं का पालन न करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और भविष्यकालीन परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ-साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

ii. उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा/साक्षात्कार के स्थान पर पेजर/कैलकुलेटर सहित कोई भी मूल्यवान/महंगी वस्तुएँ/निषिद्ध वस्तु न लाएं, क्योंकि उनके सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।

ढ. आईआरआईएस स्कैन/बायोमेट्रिक सत्यापन:

बैंक, विभिन्न चरणों में, उम्मीदवारों के वास्तविकता के सत्यापन के लिए उम्मीदवार के आईआरआईएस स्कैन/ अंगूठे के निशान को डिजिटल रूप में कैप्चर कर सकता है। आईआरआईएस/ बायोमेट्रिक की स्थिति (मिलान या बेमेल) के संबंध में आईआरआईएस/ बायोमेट्रिक डेटा सत्यापन प्राधिकरण का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा। किसी भी स्तर पर आईआरआईएस/ बायोमेट्रिक स्कैनिंग/ सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से इनकार करने से उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। आईआरआईएस स्कैनिंग के संबंध में, निम्नलिखित बातें नोट की जानी चाहिए:

(क) बायीं आँख (आईआरआईएस) कैप्चर की जाएगी। (ख) आईआरआईएस कैप्चर करते समय उम्मीदवार को कॉन्टैक्ट लैंस और चश्मे को निकाल देना चाहिए।

इन बातों का पालन करने में किसी भी प्रकार की विफलता की परिणति परीक्षा के लिए प्रवेश न देने और उम्मीदवारी रद्द करने में होगी। यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई करने के अलावा, उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाऐगी। बायोमेट्रिक स्कैनिंग के संबंध में, निम्नलिखित बातें नोट की जानी जाहिए: उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि अंगूठे की सही निशानी विभिन्न चरणों में ली गई है और किसी भी असंगति से उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाऐगा। यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई करने के अलावा, उसकी उम्मीदवारता रद्द कर दी जाएगी। इस प्रकार उन्हें सलाह दी जाती है कि अपने हाथों पर मेंहदी, स्याही, रसायनिक आदि किसी बाहरी पदार्थ को न लगाएं।

ण. सामान्य जानकारी:

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही है।

ii. आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार सहित ऐसे उम्मीदवार जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है, सामान्य श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों।

iii. **भर्ती के किसी भी स्तर पर यदि ऐसा पता चलता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (जानकारियां) छिपाई हैं तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा। इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति/अंतिम चयन के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं तुरंत समाप्त की जा सकती हैं।**

iv. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है।

v. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने के अधीन है। इस तरह कि नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अधीन भी होगी, जो बैंक में भर्ती होने के समय लागू है।

vi. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अपने ई-मेल आईडी एवं मोबाईल फोन नंबर को एक्टिव रखें, ताकि उन्हें कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख संबंधी सूचना, आदि प्राप्त हो सकें।

vii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है।

viii. **पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता की तिथि पर सहायक प्रबंधक - इंजीनियर (अग्निशमन) के पद के लिए सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। भर्ती के सभी चरणों में उनका प्रवेश निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने की शर्त पर पूरी तरह से अनंतिम होगा। उम्मीदवार को केवल कॉल लेटर/ई-प्रवेश कार्ड जारी करने का मतलब यह नहीं होगा कि पद के लिए उसकी उम्मीदवारी अंततः स्वीकार कर ली गई है। उम्मीदवार को साक्षात्कार और/या बाद के चरणों के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने के बाद ही बैंक मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों का सत्यापन करता है।**

ix. किसी संप्रेषण की प्राप्ति में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

x. जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सूचित करते है कि वे **साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेकर प्रस्तुत करें,** ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और यदि वे किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा।

xi. चयनित होने पर उम्मीदवार से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करें।

xii. उम्मीदवारों को उनके हित के लिए यह सूचना दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट में लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर भारी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए। पूर्वोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि उम्मीदवार अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।

xiii. **पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होंगे। इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा।**

xiv. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं। किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व एकमात्र अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा।

xv. बाहरी स्थानों से आने वाले उम्मीदवार, जिन्हें शॉर्ट-लिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है, उन्हें भारत के अंदर सबसे छोटे मार्ग से हवाई किराये (इकोनॉमी क्लास) की प्रतिपूर्ति की जाएगी। यह प्रतिपूर्ति उनकी मौजूदा पोस्टिंग की जगह या उनके निवास स्थान (जो भी साक्षात्कार की जगह के ज़्यादा करीब हो) से की गई वास्तविक यात्रा के आधार पर की जाएगी। इसकी अधिकतम सीमा 10,000 रुपये (केवल दस हज़ार रुपये) (आने-जाने का) या भारत के अंदर यात्रा का वास्तविक खर्च (जो भी कम हो) होगी। यह राशि फ़्लाइट टिकट/इनवॉइस और बोर्डिंग पास की मूल प्रतियाँ या फ़ोटोकॉपी जमा करने पर दी जाएगी। स्थानीय परिवहन (जैसे टैक्सी/कैब, निजी कार आदि) के खर्च की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी। यदि कोई उम्मीदवार इस पद के लिए अयोग्य पाया जाता है, तो उसे साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसे किसी भी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

xvi. बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह भर्ती प्रक्रिया को किसी भी चरण पर, बिना कोई कारण बताए, रद्द कर सकता है।

xvii. साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को उसके विरुद्ध लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा। बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है। बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

xviii. **इस पद के लिए आवेदन करके आप स्वेच्छा से, पूर्ण जानकारी के साथ तथा बिना किसी शर्त के, बैंक को अपनी व्यक्तिगत जानकारी (Personal Data) एकत्रित करने, उसका प्रसंस्करण (Processing) करने तथा भर्ती प्रक्रिया की आवश्यकता के अनुसार संबंधित डेटा प्रोसेसरों (Data Processors) के साथ साझा करने की अपनी सहमति प्रदान करते हैं। यह कार्य डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों (सामूहिक रूप से ''अधिनियम'') के अनुरूप किया जाएगा। बैंक ने अपने पास उपलब्ध अथवा अपने नियंत्रणाधीन व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार के डेटा उल्लंघन (Data Breach) को रोकने के लिए सभी उचित सुरक्षा उपाय लागू किए हैं। आपकी व्यक्तिगत जानकारी को पूर्ण गोपनीयता के साथ संभाला जाएगा और इसका उपयोग केवल विज्ञापित पद के लिए आपकी पात्रता, योग्यता, प्रमाण-पत्रों तथा उम्मीदवारी के मूल्यांकन एवं सत्यापन हेतु किया जाएगा, साथ ही अधिनियम के अंतर्गत अनुमत अन्य वैध उद्देश्यों के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है।**

किसी भी जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट (https://sbi.bank.in/web/careers) पर उपलब्ध "CONTACT US/post your query" लिंक के माध्यम से हमसे संपर्क करें।

मुद्रण की त्रुटियाँ यदि हों, तो उसके लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।
किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा।

मुंबई
04.11.2026

महाप्रबंधक
(आरपी एवं पीएम)

परीक्षा केंद्र (अनन्तिम सूची)

राज्य कोड	राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	परीक्षा केंद्र
11	अण्डमान और निकोबार	पोर्ट ब्लेयर
12	आंध्र प्रदेश	गुंटुर/विजयवाडा, कड़प्पा, काकीनाडा, करनूल, ओंगोले, राजमुंद्री, तिरूपति, विशाखपट्नम, विजयनगरम
13	अरुणाचल प्रदेश	नाहरलगुन
14	असम	डिबरूगढ़, गुवाहाटी, जोराहट, सिलचर, तेजपुर
15	बिहार	आरा, औरंगाबाद, भागलपुर, दरभंगा, गया, मुज़फ्फरपुर, पटना, पूर्णिया
16	चंडीगढ़	मोहाली
17	छत्तीसगढ़	भिलाई/ भिलाई नगर, बिलासपुर, रायपुर
18	गोवा	मापुसा
19	गुजरात	अहमदाबाद/गांधीनगर, आणंद/वडोदरा, मेहसाणा, राजकोट, सूरत/बारडोली
20	हरियाणा	अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र
21	हिमाचल प्रदेश	बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, कुलू, मंडी, ऊना
22	जम्मू और कश्मीर	जम्मू, सांबा, श्रीनगर
23	झारखंड	बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, हजारीबाग, जमशेदपुर, रांची
24	कर्नाटक	बेलगावी (बेलगाम), बेंगलुरु, धारवाड़/हुबली, मंगलुरु (मैंगलोर), मैसूरु (मैसूर), शिवमोग्गा (शिमोगा), उडुपी
25	केरल	आलप्पुला, कन्नूर, एर्नाकुलम, कोल्लम, कोट्टायम, कोड़िकोड, मलप्पुरम, पालक्काड़, त्रिश्शूर, तिरुवनंतपुरम
26	लदाख	लेह, कारगिल
27	लक्षद्वीप	कवराती
28	मध्य प्रदेश	भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सतना, सागर, उज्जैन
29	महाराष्ट्र	अमरावती, छत्रपति संभाजी नगर, चंद्रपुर, धुले, जलगांव, कोल्हापुर, लातूर, नागपुर, नांदेड, नासिक, पुणे, रत्नागिरी, सोलापुर, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई/एमएमआर
30	मणिपुर	इम्फाल, चुराचांदपुर
31	मेघालय	शिलांग, तुरा
32	मिज़ोरम	आइजोल
33	नागालैंड	कोहिमा
34	दिल्ली – एनसीआर	दिल्ली और नई दिल्ली/एनसीआर
35	ओडिशा	बालासोर, बरहमपुर–गंजम, भुवनेश्वर, कटक, धेनकानाल, राऊरकेला, संबलपुर
36	पुदुचेरी	पुदुचेरी
37	पंजाब	अमृतसर, भटिण्डा, मोहाली, पटियाला, फगवाड़ा
38	राजस्थान	अजमेर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर
39	सिक्किम	गंगटोक
40	तमिलनाडु	चेन्नई, कोयम्बतूर, ईरोड, मुदुरै, कन्याकुमारी/ नागरकोईल, सेलम, तंजावूर, तिरुचिरापल्ली, तिरुनेलवेली, वेल्लोर, विरुदुनगर, विल्लुपुरम
41	तेलंगाना	हैदराबाद, करीमनगर, खम्माम, वारंगल
42	त्रिपुरा	अगरतला
43	उत्तर प्रदेश	आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, बरेली, अयोध्या, गाजियाबाद, गोरखपुर, झाँसी, कानपुर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरपुर, नोएडा, वाराणसी
44	उत्तराखंड	देहरादून, हल्दवानी, रुड़की
45	पश्चिम बंगाल	आसनसोल, दुर्गापुर, हुगली, कल्याणी, कोलकाता, सिलिगुड़ी, बर्दवान

आवेदन कैसे करें

https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर लॉगिन करें।
नीचे स्क्रॉल करें और विज्ञापन सं. **CRPD/SCO/2026-27/29** पर क्लिक करें।

विज्ञापन डाउनलोड करें।
(विस्तृत विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें।)

ऑनलाइन आवेदन करें।
(अंतिम प्रस्तुतीकरण से पहले, कृपया अपना आवेदन अच्छी तरह पढ़ लें।
अंतिम प्रस्तुतीकरण के बाद उसमें सुधार की अनुमति नहीं दी जाएगी।)

फॉर्च्यून बैंकिंग और एनबीएफसी शिखर सम्मेलन 2026 में
एसबीआई को ''सर्वश्रेष्ठ सुपर लार्ज बैंक'' के रूप में मान्यता मिली।



